2

पत्र सं0–13/स्था0–02–01/2026................../

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

मनीष आनंद,
अवर सचिव (प्रबंधन)।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, सिवान।

पटना, दिनांक–

विषयः– श्री राजीव रंजन आजद (जे0 10546), कनीय अभियंता, सारण नहर प्रमण्डल, सिवान का उपार्जित अवकाश की स्वीकृति के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक–45 दिनांक 05.01.2026

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा श्री राजीव रंजन आजद (जे0 10546), कनीय अभियंता, सारण नहर प्रमण्डल, सिवान के पिताजी के देहांत हो जाने के कारण उनके श्राद्ध–कर्म में बितायी गयी अवधि दिनांक–09.08.2025 से दिनांक–25.08.2025 तक (कुल–17 दिनों) का उपार्जित अवकाश स्वीकृति का प्रस्ताव अनुशंसा सहित विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

विदित हो कि विभागीय पत्रांक–5051 दिनांक–17.10.2025 द्वारा निर्गत पत्र में कनीय अभियंताओं के अवकाश स्वीकृति से संबंधित सामान्य दिशा निर्देश के अनुसार श्री आजद के उपार्जित अवकाश की स्वीकृति हेतु पूर्ण रूपेण भरा हुआ जाँच पत्रक (मुख्य अभियंता के स्तर से अभिप्रमाणित) वांछनीय है।

अतः वर्णित स्थिति में अनुरोध है कि श्री राजीव रंजन आजद, कनीय अभियंता, सारण नहर प्रमण्डल, सिवान के पिताजी के देहांत हो जाने के कारण उनके श्राद्ध–कर्म में बितायी गयी अवधि दिनांक–09.08.2025 से दिनांक–25.08.2025 तक (कुल–17 दिनों) के उपार्जित अवकाश स्वीकृति हेतु उपरोक्त उल्लेखित अभिलेख उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि विषयांकित मामले में आवश्यक अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(मनीष आनंद)
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक – पटना/दिनांक –

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमण्डल, सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक– 783 पटना/दिनांक 9/1/26

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित सभी पदाधिकारियों के ईमेल पता पर भेजने हेतु प्रेषित।

09/01/26
अवर सचिव (प्रबंधन)।

##Letter-2026, Sec-13, Sys-2